छठ महापर्व देशभर में उत्साह और उमंग का पर्व : डॉ. यादव



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूर्यदेव की उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ पवित्रता, संयम, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। माताएं और बहनें पति की लंबी आयु, बच्चों के सुख, परिवार की समृद्धि और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती हैं। पूर्वी भारत का यह पर्व अब पूरे देश में उत्सव और उमंग का अवसर बन गया है। मुख्यमंत्री ने छठी मैया के पावन पर्व पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। वे रविवार को भोपाल के प्रेमपुरा घाट पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने और ऊर्जा के अनंत स्रोत सूर्यदेव को नमन करने का अवसर देता है। इस पर्व पर उदय होते सूर्य के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को भी अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इसकी विशेषता है कि सभी पकवान घर पर ही तैयार किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रेमपुरा घाट पहुंचकर व्रती महिलाओं को प्रणाम किया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने छठी मैया की पूजा-अर्चना की और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। फूलों, दीपों और रंगोली से सजे घाट पर छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

हजारों व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, रविंद्र यति, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पूर्वांचल समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

2100 दीपों से जगमगाया शीतलदास की बगिया का घाट

छठ महापर्व पर 51 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से हुई पुष्पवषा



भोजपुरी एकता मंच के तत्वावधान में शीतलदास की बगिया, कमला पार्क में छठ महापर्व का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन हुआ। 2100 दीपों की रोशनी से पूरा घाट जगमगा उठा। श्रद्धालुओं पर 51 किलो गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान भव्य आतिशबाजी और नौका विहार सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का भावविभोर कर दिया। ।

संस्था के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। बिहार से आए सुप्रसिद्ध लोकगायक हंसनाथ मिश्र उर्फ मिठू मिश्रा ने छठ गीतों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम भोजपुरी साहित्य अकादमी के माध्यम से आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, लोकसभा सांसद आलोक शर्मा, दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, नगर निगम महापौर मालती राय एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे। इसके अलावा चेतन सिंह, रामबाबू शर्मा, ज्ञानदेव मिश्रा, शिवबचन प्रजापति, मोहन जायसवाल, विजय सोनी एवं विमल कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। छठ महापर्व के अंतिम दिन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आयोजन का समापन होगा।



विधायक भगवानदास सबनानी श्रद्धा,भक्ति,समर्पण एवं भगवान भास्कर के उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भीम नगर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की एवं सभी को छठ की बधाई दी।

करोंद सहित नरेला क्षेत्र के छठ घाटों पर पहुंचे सारंग



नप्र, भोपाल : लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने सूर्यदेव को संध्या अर्घ्य अर्पित कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंत्री सारंग ने शाखा ग्राउंड, अन्ना नगर, दुर्गाधाम मंदिर, सुभाष नगर, एकतापुरी, राजेंद्र नगर, काशी विश्वनाथ मंदिर, करोंद, गोकुल धाम और संजीव नगर स्थित छठ घाटों पर श्रद्धालुओं के साथ पूजा में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पांच नबंर घाट पर छठ मैया के गीतों ने किया भाव विभोर



भोजपुरी भाषी विकास संघ के तत्वावधान में पांच नंबर तालाब स्थित घाट पर छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में छठी मैया के गीत गाते हुए परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा भारती के सचिव एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रामेंद्र सिंह, क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री श्री पीसी शर्मा,पार्षद गुड्डू चौहान,नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रेम नारायण लक्ष्मण गिरि, गंगासागर यादव, छोटेलाल गिरी, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पं.चंद्रशेखर तिवारी, अमित शर्मा, सुखदेव पांसे,संतोष परिहार आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती पूजा दीक्षित एवं गायक श्री मिथिलेश गिरी और श्री पवन गिरी ने छठी मैया के भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

घर में चल रहा था कसाईखाना, गौवंश के अवशेष मिले

मौके पर पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर हमला, कार में तोड़फोड़

- पांच जीवित गौवंश मिले
- छह कसाईयों पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहर के मध्य में जहांगीराबाद इलाके की अफजल कॉलोनी में घर के अंदर कसाईखाना बनाकर गौवध किया जा रहा था। इस बात की भनक लगने पर रविवार तड़के हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर जा धमके, तो कसाईयों ने उनपर हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

वहां से गोवंश के अवशेष के अलावा पांच जीवित गोवंश भी मिले। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ गौवध एवं पशु क्रूरता अधिनियम का केस दर्ज किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। उधर इस घटना के बाद आक्रोशित हिंदू संगठनों के लोगों ने सब्बन चौराहा पर चार घंटे तक प्रदर्शन किया। वे आरोपियों के घर तोड़ने की मांग कर रहे थे।

जहांगीराबाद थाना पुलिस के मुताबिक अवधपुरी निवासी प्रशांत मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे उन्हें सूचना मिली थी कि जिंसी चौराहे के पास अफजल कॉलोनी में इमरान और रिजवान अहमद के मकान में गायों को काटा जा रहा है। इस पर वह अभिषेक शर्मा और अभिजीत सिंह राजपूत के साथ वहां पहुंचे। प्रशांत का आरोप है कि मकान में मौजूद लोगों ने उन्हें देखते ही डंडों और चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान उन्हें चोट आई। हमलावरों ने बाहर खड़ी उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मकान की जांच की तो एक बोरी में गोवंशों की खाल, सींग और पैर मिले। मौके से छोटी छुरियां, कुल्हाड़ी, नुकीला सूजा, दो रस्सियां और एक बका जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार परिसर में खून फैला हुआ था। मकान के निचले हिस्से में मवेशियों को बांधने के लिए तबेला बना था, जबकि ऊपरी मंजिल पर बकरे-बकरियां और मुर्गे पाले गए थे। वहां बंधे पांच गोवंशों को सुरक्षित निकालकर गौशाला भिजवाया गया।

संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें आठ गायों के होने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचने में करीब आधे घंटे का समय लगा और तब तक पांच गौवंश ही जीवित मिले। पुलिस ने इमरान अहमद, रिजवान अहमद, अजहर अली, मुजम्मिल, फरहान और आदिल हटा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इमरान और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। आदिल हटा के खिलाफ ईंटखेड़ी थाने में गौकशी के दो मामले पहले से दर्ज हैं। इधर, मकान तोड़ने की मांग को लेकर कार्यकर्ता चौराहे पर प्रदर्शन करते रहे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए समझाइश दी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

अबोध बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः हबीबगंज थाना क्षेत्र में पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी अजीत राय उर्फ बाबू को विशेष न्यायालय ने शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता को छह लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश भी दिया है। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला ने बताया कि 14 नवंबर को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने आरोपी को बीएनएस की धारा 65(2) एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 5एम/6 के तहत आजीवन कारावास और 100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा धारा 137(2) में पांच वर्ष, धारा 87 में पांच वर्ष, धारा 123 में पांच वर्ष और धारा 115(2) में एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। प्रत्येक धारा में 100 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन के अनुसार, 15 अक्टूबर 2025 को पीड़िता अपनी मां के साथ 1100 क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर गई थी। वहां से पांच वर्षीय बच्ची लापता हो गई। सूचना पर पुलिस ने तलाश शुरू की और बाद में उसे दस्तयाब किया। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान थे। पूछताछ में उसने आरोपी द्वारा बहाने से अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने की जानकारी दी। पुलिस ने हबीबगंज थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोपपत्र प्रस्तुत किया। डीएनए रिपोर्ट, दस्तावेजी साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और नवीन श्रीवास्तव ने पैरवी की।

कलियासोत डेम रोड पर चाकू अड़ाकर छात्र-छात्राओं से लूट

- बदमाशों के पकड़े जाने पर हुई एफआईआर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रातीबड़ थाना इलाके में कलियासोत डैम क्षेत्र में 10 अक्टूबर की रात बाइक सवार तीन युवकों ने छात्र-छात्राओं से मारपीट कर चाकू अड़ाकर चार चेन लूट ली थी।

इनमें से दो चेन सोने की, जबकि एक चांदी की चेन थी। इस मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को हिरासत में लेने के बाद शनिवार देर रात लूट का केस दर्ज कर लिया। पुलिस रिमांड पर लेकर उनसे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। इनमें से दो के खिलाफ पूर्व से भी अपराध दर्ज हैं। रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक कोलार क्षेत्र में रहने वाली 18 वर्षीय संस्कृति गौर कालेज छात्रा है। 10 नवंबर की रात वह अपनी सहेली और देव और वंश नाम के दोस्तों के साथ कलियासोत डैम रोड पर घूमने निकले थे। रात लगभग साढ़े आठ बजे वे लोग साक्षी ढाबा तिराहा क्षेत्र में सुनसान स्थान पर पटाखे चला रहे थे। इस दौरान बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे थे।

उन्होंने चाकू अड़ाकर धमकाया और मारपीट कर चारों के गले से चेन लूट ली और फरार हो गए। इस मामले में सीसीटीवी के फुटेज से मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने बलराम, रामपाल और सौरभ उर्फ बारीक नाम के युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने अपराध करना कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने छात्र-छात्राओं से लूटी गई चेन बरामद कर ली हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में बिल्डिंग की पांचवी मंजिल से गिरा युवक, हालत गंभीर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कोलार क्षेत्र स्थित सिटी विस्तार कॉलोनी में रविवार सुबह लगभग पांच बजे एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पांचवी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल प्रबंधन से मिली सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन युवक अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर साक्ष्य जुटाए हैं। वहां काफी खून पड़ा पाया गया।

जानकारी के मुताबिक सिटी विस्तार कालोनी में सुबह एक युवक को गंभीर घायल अवस्था में पड़ा देखा। उसे उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। बताया गया कि युवक बिल्डिंग की पांचवी मंजिल पर रहने वाली एक महिला मित्र के पास आया था। उसके बाद वह नीचे पड़ा देखा गया। पुलिस युवक के होश में आने का इंतजार कर रही है।

बाथरूम में गिरकर एक्स आर्मीमैन के बेटे की मौत

कोलार थाना क्षेत्र स्थित फाइन एवेन्यु में बाथरूम में गिरकर एक्सआर्मी मैन का बेटा घायल हो गया। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात की है। गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 39 वर्षीय विजय कुमार सिंह फाइन एवेन्यु कोलार में रहता था। वह बेरोजगार था। उसके पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। परिजन ने बताया कि विजय कुमार शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे बाथरूम में गिरकर बेसुध हो गया था। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है।

शाहपुरा सी सेक्टर में दिनदहाड़े मंदिर में चोरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहपुरा सी-सेक्टर में शनिवार शाम को शिव-शक्ति मंदिर में घुसकर एक युवक ने देवी जी की मूर्ति पर चढ़े सोने के जेवर उतारकर चोरी कर लिए। वारदात के बाद युवक जब मंदिर से बाहर निकल रहा,तभी पुजारी के बेटे को उसपर संदेह हुआ। पीछा करने के दौरान युवक का मोबाइल फोन वहीं गिर पड़ा, लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया। चोरी का केस दर्ज कर चूना भट्टी थाना पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। चूना भट्टी थाना पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम चार बजे पुजारी कार्तिकेय गौतम ने पूजा के लिए मंदिर के पट खोले थे। उसके बाद वह मंदिर परिसर में बने अपने कमरे में चले गए थे। इस बीच मौका पाकर एक अनजान युवक मंदिर में घुस गया। उसने देवी की मूर्ति से सोने की नथ और मंगलसूत्र चोरी कर लिया। जेवर लेकर जैसे ही वह मंदिर से बाहर के बाहर जाने लगा, अचानक कार्तिकेय कमरे से बाहर निकले। युवक पर संदेह होने पर उन्होंने उसे आवाज दी तो वह भागने लगा। पीछा करने पर वह हड़बड़ाकर तेज दौड़कर भाग निकला, लेकिन इस दौरान उसका मोबाइल फोन वहीं गिर गया। पुलिस ने फोन जब्त कर लिया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

सेवा भारती और नानक मंडल का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

नप्र, भोपालः सेवा भारती महानगर एवं नानक मंडल द्वारा दीपावली मिलन समारोह लिंक रोड स्थित आनंद धाम में हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गीतों और भजनों की प्रस्तुतियों के साथ कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती मध्य भारत के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. पीएस बिंद्रा, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन गिरी, गोरेलाल, राजनारायण अग्निहोत्री, आभा पांडेय और बीएस बाजपेयी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

डंपर ने रौंद दिया महिला पत्रकार के कॅरियर में कीर्तिमान रचने का 'सपना'

बाइक टैक्सी से संस्थान जाते समय भदभदा चौराहे पर हुई हादसे का शिकार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कमलानगर थाना इलाके में भदभदा चौराहे पर रविवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक टैक्सी सवार युवा महिला पत्रकार की जान ले ली। सुशासन भवन के सामने हुए हादसे में 25 वर्षीय सपना कुमारी सड़क पर गिर गई थीं।

इसी दौरान पीछे से आ रहे मलबे से भरे डंपर का पहिया उनके सिर और हाथ के ऊपर से निकल गया। दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक टैक्सी चालक प्रवीण मिश्रा भी घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर जब्त कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कमलानगर थाना पुलिस के अनुसार, बिहार के बक्सर जिले की रहने वाली सपना भोपाल में एक मीडिया संस्थान में कार्यरत थीं। उन्होंने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी। वह नीलबड़ में किराये के मकान में रहती थीं और रोजाना टीटी नगर स्थित कार्यालय जाती थीं। रविवार सुबह करीब आठ बजे उन्होंने कार्यालय पहुंचने के लिए बाइक टैक्सी बुक की थी। नीलबड़ निवासी प्रवीण मिश्रा स्कूटी से उन्हें लेकर निकले थे।

भदभदा चौराहे की रोटरी के पास प्रवीण ने रातीबड़ की ओर से आ रहे डंपर को ओवरटेक किया।



आगे बढ़ते ही रास्ते में मेट्रो की बैरिकेडिंग दिखी तो उन्होंने स्कूटी मोड़ने की कोशिश की। इसी दौरान पास से गुजर रही एक बाइक के चालक ने उन्हें कट मार दिया। दुर्घटना टालने के प्रयास में स्कूटी का संतुलन बिगड़ा और वे दोनों सड़क पर गिर पड़े। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने सपना को रौंद दिया। प्रवीण को हाथ-पैर में चोटें आई हैं। थाना प्रभारी निरूपा पांडे का हना है कि हादसे के लिए जिम्मेदार डंपर जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। वाहन के परिवहन संबंधी दस्तावेज सुबह नौ बजे तक के दिखाए गए हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है।

सुरक्षाकर्मी को डंपर ने कुचला : पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक छावनी पठार निवासी रमेश अहिरवार (40) ओरियंटल कालेज में गार्ड था शनिवार सुबह दस बजे उसे वीनस होटल के सामने अचानक सामने से आए डंपर ने उसे बाइक सहित रौंद दिया था।

सड़क पर पैदल जा रहे व्यक्ति को कार ने टक्कर मारी मौत

परवलिया सड़क थाना इलाके के ग्राम मुबारकपुर में शनिवार शाम मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर घायल अवस्था में उसे हमीदिया अस्पताल भेजा गया। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एएसआई राजवीरसिंह ने बताया कि मुबारकपुर निवासी 50 वर्षीय लालसिंह उर्फ लालाराम अहिरवार निजी काम करते थे। शनिवार शाम सात बजे वह मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहे थे,तभी हादसे का शिकार बन गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज से कार के बारे में सुराग जुटा रही है।

कर्नाटक के तस्कर के लिए काम करता है इंजीनियर

- तीन बार पहले भी ले जा चुका एमडी ड्रग्स की खेप
- चार दिन के रिमांड पर लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गोविंदपुरा थाना पुलिस द्वारा शनिवार सुबह दिल्ली से नागपुर जा रही बस में सफर कर रहे कर्नाटक निवासी इंजीनियर से 970 ग्राम एमडी (मेथामफेटामिन) ड्रग्स बरामद की थी। इस मामले में उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पूछताछ में पता चला है कि वह कर्नाटक के एक बड़े तस्कर के लिए काम करता है। इसके पहले भी वह दिल्ली से ड्रग्स की खेप लेकर बेंगलुरू पहुंचा चुका है। इस मामले एक पुलिस टीम कर्नाटक रवाना हो गई है।

गोविंदपुरा थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी 28 वर्षीय विशाख एएन पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर है। ड्रग्स की तस्करी में मोटा मुनाफा मिलने के लालच में आकर वह कर्नाटक के एक बड़े तस्कर के लिए काम करने लगा था। इसके पहले वह तीन बार ड्रग्स ले जा चुका है। इस बात के सबूत उसके मोबाइल फोन में मिले बस के टिकट से भी मिले हैं। हर खेप के लिए उसे कमीशन के रूप में ऑनलाइन रुपये मिल जाते थे। वह बस से नागपुर तक जाने के बाद वहां से बेंगलुरू जाने वाला था, लेकिन रास्ते में ही पकड़ा गया। बता दें कि शनिवार को कर्नाटक के युवक के पास से पुलिस ने एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद की है। जो उसने मिल्टन कंपनी की तीन पानी की बोतलों में छिपाकर रखी थी। उसे पूछताछ के लिए 19 नवंबर तक के लिए रिमांड पर लिया है।

